# समस्या समाधान शिविर में शिक्षा मंत्री ने तुरंत राहत दिलवाई

**कोटा,** (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में लगातार आयोजित किए जा रहे सरकार आपके द्वार समस्या समाधान शिविर से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिल रही है। शिविरों के माध्यम से मौके पर ही तत्काल समस्याओं का समाधान कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की जा रही है।

खेड़ली ग्राम पंचायत में सोमवार को आयोजित शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री के समस्या समाधान शिविर में गुड़ला निवासी दिव्यांग हेमराज को मंत्री के निर्देश पर तत्काल विकलांगता प्रमाण-पत्र जारी किया गया। शिक्षा मंत्री ने अपने हाथों से हेमराज को प्रमाण-पत्र सौंपा। साथ ही, समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हेमराज की पेंशन का प्रकरण बनाकर तत्काल पेंशन स्वीकृत की जाए। हेमराज ने शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री को दिल से धन्यवाद दिया। हेमराज ने

■ **विकलांग प्रमाण पत्र के साथ ही पेंशन भी स्वीकृत हुई**


कोटा में समस्या समाधान शिविर में दिव्यांग हेमराज को शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने तत्काल विकलांग प्रमाण पत्र बनवाकर सौंपा।

बताया कि पिछले 3 महीने से विकलांगता प्रमाण पत्र के लिए चक्कर काट रहा था, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई।

**52 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण:-** शिक्षा व पंचायती राज मंत्री ने ग्राम पंचायत खेड़ली में आयोजित सरकार आपके द्वार समस्या समाधान शिविर के दौरान 52 लाख रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने खेड़ली ग्राम पंचायत में 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित छत्रपति शिवाजी महाराज सामुदायिक भवन, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेड़ली में 5 लाख रुपए की लागत से शौचालय निर्माण कार्य तथा 27.41 लाख रुपए की लागत से राजकीय उप स्वास्थ्य केंद्र मोहनपुरा में विभिन्न निर्माण कार्य, झोपड़िया से तृतीय झोपड़िया तक ट्रैवल सड़क का निर्माण, कंवरपुरा में सामुदायिक भवन का निर्माण, गुडला विद्यालय मे चारदिवारी सहित कुल 52 लाख के निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। सरकार आपके द्वार समस्या समाधान शिविर के दौरान चेचट में 10 नए आंगनबाड़ी केंद्र खोलने के प्रस्ताव भेजे गए।

**105 करोड़ रुपए के सड़क निर्माण के प्रस्ताव स्वीकृत:-** सार्वजनिक निर्माण विभाग ने रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र में 105 करोड़ रुपए से विभिन्न सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव स्वीकृत किए हैं। विभाग के अधिशाषी अभियंता आर के मीणा ने शिविर में बताया कि चेचट से कथुनी जैन टैंपल से वाया मदनपुरा, रघुनाथपूरा तक कुल 18 किलोमीटर सड़क के लिए 47 करोड रुपए, इसी प्रकार 16 मिसिंग लिंक तथा 5 नॉन पेचेबल सड़कों के निर्माण के लिए 88 करोड़ रुपए तथा खैराबाद से गोयेंदा आने वाली सड़क के लिए 19 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं। शिविर में 130 से अधिक आवेदनों का निस्तारण किया गया।

**शिक्षा मंत्री ने पौधारोपण किया:-** रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत सलावद खुर्द के ग्राम झिलारा, बड़ोदिया में सड़क किनारे दोनों तरफ 4 किलोमीटर तक ग्रामीणों ने पौधारोपण किया। झिलारा, बड़ोदिया और सलावदखुर्द के निवासियों ने जनसहयोग से पौधे लगाए। वन विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने भी बरगद का 4 फीट का पौधा लगाया।

# गुरुकुल में आग लग जाने से झुलसे तीन छात्रों में से दो की मौत

**बून्दी,** (निसं)। देई थाना क्षेत्र के तलवास गांव में संचालित गुरुकुल में दो अक्टूबर की रात अचानक आग लग जाने से बुरी तरह झुलसे तीन छात्रों में से दो छात्रों की मौत हो गई।

इन छात्रों में रितेश शर्मा पुत्र लोकेश शर्मा, निवासी नाहर का चौहटा, बूंदी व शिवशंकर जोशी, निवासी मोईकलां, कोटा शामिल हैं। शिव शंकर का जयपुर में और रितेश का कोटा में उपचार चल रहा था। दो छात्रों की इस मौत की खबर से घरों में कोहराम मच गया है। परिजन शवों को लेकर रवाना हो गए। तलवास स्थित श्रीमदगुरु कार्ष्णि गुरुकुल प्राईवेट बताया जा रहा है, जिसका संचालन सीताराम पंचोली द्वारा किया जा रहा था।

जानकारी के अनुसार घटना वाली रात गुरुकुल के नित्य कार्यक्रम के बाद छात्रों ने सोने से पहले मच्छर भगाने के लिए नीम के पत्ते जलाए थे। सम्भवतया इसी से कोई चिंगारी सोने वाले स्थान तक पहुंच गई और फोम के गद्दों को चपेट में ले लिया। बिजली के शार्ट सर्किट से भी आग लगने की आशंका व्यक्त की जा रही है। रात करीब सवा बारह बजे यह घटना हुई थी। डीएसपी मीणा ने इन दोनों एंगलों से जांच करने की बात कही थी। इस पूरे घटनाक्रम पर एसडीएम विनोद कुमार मीणा ने जांच शुरू करवा दी थी।

इस हादसे के बारे में गुरुकुल के आचार्य सुरेश शर्मा का कहना था कि बुधवार रात साढ़े दस बजे तक उन्होंने सभी 14 बच्चों की क्लास ली थी। इसके बाद 10 बच्चे हॉल और चार बच्चे हॉल के बाहर सो गए थे। हॉल में एक पंखा और कूलर चल रहा था। आचार्य ने आशंका जताई है कि पंखे से शार्ट सर्किट हो जाने से या अन्य कारण से निकली आग की चिंगारी गद्दे पर जा गिरी और आग लग गई।

इससे गद्दों पर सो रहे बच्चे आग

■ **घटना वाली रात गुरुकुल के नित्य कार्यक्रम के बाद छात्रों ने सोने से पहले मच्छर भगाने के लिए नीम के पत्ते जलाए थे**

■ **सम्भवतया इसी से कोई चिंगारी सोने वाले स्थान तक पहुंच गई और फोम के गद्दों को चपेट में ले लिया**

में घिर गए। बच्चों का शोर सुना तो वे दौड़कर वहां पहुंचे और उन्हें आग से बाहर निकाला। मगर तब तक तीन बच्चे झुलस चुके थे। आग से झुलसे बच्चों में 13 वर्षीय रितेश शर्मा व शिवशंकर शर्मा तथा 12 वर्षीय अभिजीत शर्मा शामिल था।

आग लगने की सूचना से प्रशासन में हड़कम्प मच गया था। अधिकारी भी गुरुकुल पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली थी। इनमें से दो छात्रों की गम्भीर हालत होने से उन्हें पहले बूंदी जिला अस्पताल ले जाया गया, मगर यहां से भी उन्हें कोटा रैफर कर दिया गया था। बाद में शिव शंकर को जयपुर ले जाया गया था। इस गुरुकुल में 14 छात्र अध्ययन करते थे। लम्बे समय से संचालित इस गुरुकुल में शास्त्रों और वेदों का अध्ययन कराया जाता है।

डीएसपी मीणा ने इस बारे में बताया था कि जिले के तलवास स्थित श्रीमदगुरु कार्ष्णि गुरुकुल में हादसा उस समय हुआ था, जब सभी 14 छात्र सो रहे थे। अचानक आग लग जाने से अफरातफरी मच गई। झुलसे छात्रों में से बूंदी शहर के नाहर का चौहट्टा का निवासी 13 वर्षीय रितेश 90 फीसदी झुलस गया था, जबकि 14 वर्षीय शिव शंकर शर्मा, निवासी मोईकलां, कोटा 60 फीसदी झुलसा था। इन दोनों की मौत हो गई है। बम्बोरी गांव निवासी 12 वर्षीय अभिजीत शर्मा 20 फीसदी झुलसा था। इसका इलाज जारी है।


## नाम परिवर्तन

मैं कृष्णा शर्मा पत्नी यशवंत कुमार गौतम जाति ब्राह्मण निवासी झालवाड, तहसील-झालरापाटन झालावाड़। मेरा नाम मूलनिवास सहित अन्य दस्तावेजों में कृष्णा शर्मा है। मेरे पति का गौत्र गौतम है। इसलिए मैंने अपना नाम कृष्णा शर्मा से कृष्णा गौतम रख लिया है। भविष्य में मुझे कृष्णा गौतम के नाम से जाना/पहचाना जायेगा।




## कार्यालय नगर पालिका केशवराय पाटन जिला बून्दी ( राज. )

क्रमांक: न.पा./भूमि/2024/2607-09 दिनांक: 07.10.2024

### आपत्ति सूचना पत्र

सर्वसाधारण एवं हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि आवेदक सत्यनारायण आ. प्रभूलाल जाति मेघवाल निवासी ग्राम जलोदा तहसील केशवरायपाटन, जिला बून्दी द्वारा कृषि भूमि खसरा सं. 690 रकबा 0.50 है. वाके कापरेन रोड मेगा हाईवे के लगवा में स्थित का भू-उपयोग परिवर्तन हेतु पत्रावली इस पालिका में प्रस्तुत की गई है। उक्त खसरा नं. 690 की भूमि मास्टर प्लान 2031 अनुसार प्रस्तावित सार्वजनिक सुविधाओं प्रयोजनार्थ दर्शित है। आवेदक उक्त भूमि का सार्वजनिक सुविधाओं में आवासीय कॉलोनी में भू-उपयोग परिवर्तन करवाना चाहता है। अत: उक्त भूमि का भू-उपयोग परिवर्तन करने में जिस की भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति अन्दर अवधि 15 योम में इस पालिका में मय साक्ष्य सबुत के प्रस्तुत कर देवे अन्यथा बाद गुजरने अवधि उक्त भूमि का भू-उपयोग परिवर्तन करने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। सूचित हो।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका के. पाटन


# प्रान्तीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। देशभक्ति के साथ-साथ धर्म की रक्षा एवं सांस्कृतिक मूल्य का संरक्षण होना भी आज की पीढ़ी के लिए आवश्यक है। यदि हम धर्म की रक्षा करेंगे तो आने वाली पीढ़ी में राष्ट्रीय चेतना के भाव स्वत: विकसित होंगे। मुख्य अतिथि के रूप में कोटा वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के कुलपति कैलाश सोडाणी ने भारत विकास परिषद राजस्थान दक्षिण पूर्व प्रांत द्वारा आयोजित देशभक्ति के गीतों पर आधारित राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में अपने उद्बोधन में कहा। परिषद के राष्ट्रीय प्रकल्प राष्ट्रीय समहुगान प्रतियोगिता 2024 का आयोजन संत सुधासागर सभागार वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय में रखा गया। मुख्य अतिथि वीएमओयू के कुलपति कैलाश सोडाणी एवं विशिष्ट अतिथि भारत विकास परिषद राजस्थान क्षेत्र के अतिरिक्त सचिव कमल सुरेखा एवं क्षेत्रिय सचिव संस्कार किशन पाठक थे। भारत विकास परिषद राजस्थान दक्षिण पूर्व प्रांत के प्रान्तीय अध्यक्ष रवि प्रकाश विजय ने बताया कि प्रांत की सभी शाखाओ द्वारा आयोजित समूह गान प्रतियोगिताओं की विजेता टीम द्वारा प्रांतीय आयोजन में सहभागिता दी जाती है।

# कोटा होकर बीकानेर से वलसाड़ के बीच स्पेशल ट्रेन चलेगी

**कोटा,** (निसं)। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारी सीजन में अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से कोटा होकर गाड़ी सं 04713/04714 बीकानेर-वलसाड़-बीकानेर के मध्य स्पेशल ट्रेन को चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी साप्ताहिक रूप में 10 अक्टूबर से 15 नवम्बर के बीच दोनों दिशाओं में 06-06 ट्रिप चलेगी। यह गाड़ी मंडल में सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंजमंडी, भवानीमंडी एवं शामगढ़ स्टेशनों पर ठहराव कर गंतव्य को जाएगी। इस स्पेशल गाड़ी में 02 सेकेंड एसी, 05 थर्ड एसी, 07 स्लीपर, 04 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआर सहित कुल 20 डिब्बे होंगे। गाड़ी संख्या 04713 बीकानेर-वलसाड़ स्पेशल से प्रत्येक गुरूवार सुबह 08.55 बजे प्रस्थान कर शुक्रवार सुबह 09.20 बजे वलसाड़ पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 04714 वलसाड़-बीकानेर स्पेशल शुक्रवार दोपहर 13.05 बजे प्रस्थान कर शनिवार दोपहर 13.30 बजे बीकानेर पहुँचेगी।

**गाड़ी का ठहराव:-** यह स्पेशल गाड़ी बीकानेर से वलसाड़ के बीच नोखा, नागौर, मेड़ता रोड़, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, नावा सिटी, फुलेरा, जयपुर, दुर्गापुरा, सवाई माधोपुर, कोटा, रामगंजमंडी, भवानीमंडी, शामगढ़, नागदा, रतलाम, वड़ोदरा, भरूच, सुरत एवं नवसारी स्टेशनों पर रूकेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय ने बताया कि यात्रियों की सुविधाओं हेतु सीजन में स्पेशल ट्रेनों को चलाया जाता है। इस संबंध में सर्व-संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री गौतम गोदवानी आत्मज श्री चन्दीराम, प्रो. मैसर्स महादेव माईन्स एण्ड मिनरल्स, 81-C, नम्रता आवास बजरंग नगर कोटा के फर्म के बैंक खाता संख्या 687405500454 ICICI Bank बैंक के चैक नम्बर 000541, 000543, 000544 एवं 000556 से 000605 एवं 000608 से 000655 तक के चैक गुम हो गये है, जो किसी भी व्यक्ति को मिल जाये तो उन्हें मेरे पक्षकार को अथवा मेरे को सुपुर्द कर दे, तथा उक्त चैकों का दुरूपयोग करने का प्रयास नही करे। कृपया सूचित हो।

कोटा

दिनांक 7.10.2024

भवदीय

आशीष माहेश्वरी, एडवोकेट

कोटा ( राज. ) मो. 9511571949

## कार्यालय नगर निगम, कोटा-उत्तर

क्रमांक:-ननिको. ( उ. )/जोन प्रथम/डी.टी.पी./2024/7491-92 दिनांक: 7.10.24

### सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बलजिन्दर सिंह पुत्र श्री प्रीतम सिंह निवासी-12 सेवन वन्डर मेन रोड कोटा राजस्थान के द्वारा पट्टेशुदा भूखंड, पट्टा संख्या 5092 का क्षेत्रफल 130.11 वर्गमीटर व भूखंड संख्या 2 (दस्तावेज) 12 (ले-आउट) क्षेत्रफल 123.23 वर्गमीटर जाड़िया जी की बाड़ी, बल्लभबाड़ी के आवेदन अनुसार कुल क्षेत्रफल 253.34 वर्गमीटर के एकीकरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंडों के एकीकरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित रुप से अधो-हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उप नगर नियोजक नगर निगम कोटा, उत्तर

## कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-1273 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-07.10.24

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा की कोटा टायर रिपेयर्स एसोसियेशन प्लींथ लेवल व्यवसायिक योजना के भूखंड/आवास संख्या 87-B का आवंटन/रजि./हस्तान्तरण न्यास के पत्र दिनांक 07.09.13 को मै. हनफीया टायर रिपेरिंग वर्क्स प्रो. श्री अब्दुल करीम अब्बासी को किया गया था। आवंटी श्री अब्दुल करीम अब्बासी की मृत्यु दिनांक 29.05.2018 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान श्री अब्दुल नईम पुत्र श्री अब्दुल करीम अब्बासी द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, रिलीज डीड हक त्याग पत्र, शपथ पत्र, वारिसान शपथ पत्र, आई.डी. इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास का अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 87-B योजना कोटा टायर रिपेयर्स एसोसियेशन प्लींथ लेवल व्यवसायिक का नाम हस्तान्तरण श्री अब्दुल नईम पुत्र श्री अब्दुल करीम अब्बासी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा


# आयुक्त ने अवलोकन किया

**कोटा,** (निसं)। डेएनयूएलएम व क्रिएशन स्वंय सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए क्रोशिया व टी लाईट और इकोफ्रेंडली प्रोडक्ट्स का नगर निगम कोटा उत्तर के अशोक त्यागी ने सोमवार को अवलोकन किया और महिलाओं की कला की प्रशंसा की तथा इसे पर्यावरण हितैषी बताया। नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी ने क्रोशिया व पर्यावरण हितैषी मटीरियलो से बने प्रोडक्ट के अवलोकन के दौरान समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह प्रोडक्ट्स पर्यावरण हितैषी ही नही बल्कि महिलाओ को स्वरोजगार व उन्हे संबल प्रदान कर उन्हे आत्मनिर्भर बनाएंगे।

साथ ही भारत की संस्कृति व उसकी लोकप्रियता को इन प्रोडक्ट्स के माध्यम से और भी ज्यादा बढाएंगे तथा महिलाओ के लिए ज्यादा से ज्यादा इससे रोजगार उत्पन्न होंगे। डेएनयूएलएम की प्रबंधक हेमलता गांधी ने बताया कि अदिती व उनकी टीम द्वारा बनाए जा रहे सामानों की विदेशो में भी पसंद व मांग हो रही है। साथ ही उन्होने बताया कि क्रोशिया से बने प्रोडक्ट्स बुके, ज्वैलरी व बान्दरवार, वॉल हेंगिन्ग, फोटो फ्रेम, की चैन आदि बहुत सी वस्तुए जर्मनी, मैक्सिकों, दुबई जैसे अन्य देशो में भी इन्हे पसंद किया जा रहा है।

# चिकित्सा शिविर आयोजित

**कोटा,** (निसं)। लायंस क्लब कोटा द्वारा 08 अक्टूबर को नि:शुल्क नैत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। लायंस क्लब अध्यक्ष प्रमोद विजय ने बताया कि बताया कि हवाई अड्डे के सामने झालावाड़ रोड़ स्थित लांयस क्लब भवन, कोटा में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। मंगलवार 08 अक्टूबर को प्रात 10 से 01 बजे तक नेत्र रोगियों की जांच व भर्ती की जाएगी। 09 अक्टूबर को लेंस प्रत्यारोपण ऑपरेशन किए जाएंगे। सचिव वीरन्द्र विजय ने बताया कि नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में जिला अंधता निवारण समिति कोटा के सहयोग से शिविर होगा। प्रभारी अशोक नुवाल ने बताया कि शिविर में सभी मरीजों को आवास, भोजन, दवाईयां लेंस एवं चश्में की व्यवस्था क्लब द्वारा की जाएगी।शिविर में आने वाले नेत्र चिकित्सा रोगी को आधार कार्ड, राशन कार्ड या वोटर आईडी कार्ड की जेरोक्स कॉपी एवं दो फोटो साथ लाने होंगे।


## आम सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्री हेमलता सांखला पुत्री श्री बीरबल सांखला, आयु 26 वर्ष जाति सैनी (माली), निवासी मकान नं. 6-बी-18, विज्ञान नगर कोटा (राजस्थान) की है।

अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा की वास्तविक जन्मतिथि 02.10.1998 है तथा उसका जन्म घर पर ही हुआ है, इसलिये मेरी पक्षकारा ने आज से पूर्व कही पर भी जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन नही किया है, ना ही पूर्व में उसके द्वारा जन्म प्रमाण पत्र कही से प्राप्त किया गया है, इसलिये मेरी पक्षकारा के पास वर्तमान में जन्मतिथि से सम्बन्धित कोई दस्तावेज उपलब्ध नही है, मेरी पक्षकारा द्वारा पूर्व में आधार कार्ड बनवाया गया था परन्तु उसमें त्रुटिवश मेरी पक्षकारा की जन्म दिनांक 02.10.1989 अंकित हो गई है, जबकि मेरी पक्षकारा की वास्तविक जन्मतिथि 02.10.1998 है, जो सही एवं सत्य है, जिसे अपने दस्तावेजों में संशोधित करने हेतु मेरी पक्षकारा द्वारा कार्यवाही की जा रही है, कृपया सूचित हो। इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करे।

दिनांक 07.10.2024

भवदीय

अतीश सक्सेना एडवोकेट

## राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 3738 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 4.10.24

आवास संख्या 2-पी-50 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री सुल्तान अहमद पुत्र श्री अब्दुल गफूर को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती नन्द कंवर वर्मा पत्नी श्री किशन लाल वर्मा के नाम दिनांक 15.02.1999 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती नन्द कंवर वर्मा पत्नी श्री किशन लाल वर्मा द्वारा दिनांक 05.07.1999 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती नन्द कंवर वर्मा पत्नी श्री किशन लाल वर्मा की मृत्यु दिनांक 29.10.2020 को हो चुकी है। श्रीमती नन्द कंवर वर्मा पत्नी श्री किशन लाल वर्मा द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 30.08.2012 को पुत्रवधु श्रीमती संतोश वर्मा के पक्ष में आलेखित की गई। श्रीमती संतोष वर्मा पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2-पी-50 महावीर नगर विस्तार योजना कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अत: उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्रीमती संतोष वर्मा पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती संतोष वर्मा पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्रीमती संतोष वर्मा पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा


# कोटा में नवरात्रि पर डांडिया की धूम

**कोटा,** (निसं)। शहर में नवरात्रे के अवसर पर विभिन्न स्थानों, समाजों स्कूलों और कॉलेजों में डांडिया का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। श्री महर्षि दधीचि छात्रावास समिति द्वारा आयोजित डांडिया रास के दूसरे दिन का आयोजन बेहद धूमधाम से संपन्न हुआ। अध्यक्ष रविन्द्र दाधीच ने बताया कि डांडिया की मस्ती और उत्साह से भरे इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसमें हर उम्र के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

महिला मंडल अध्यक्षा स्मिता दाधीच और मंत्री अम्बिका दाधीच ने बताया कि रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे लोग जब गरबा और डांडिया रास के लिए मैदान में उतरे, तो पूरा माहौल उल्लास और खुशी से भर गया। माँ भारती सी.सै.विद्यालय स्वामी विवेकानंद नगर में डांडिया रास किया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ दुर्गा की पूजा अर्चना से की जिसके अंतर्गत सभी विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ डांडिया खड़काऐं। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विद्यार्थी पारंपरिक वेशभूषा में रंग-बिरंगे परिधानों के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। साथ ही स्कूल प्रिंसिपल मोनिका मलिक ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति जोड़ना ही नहीं बल्कि उनमें सामूहिकता और आपसी सहयोग की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम के अंत में स्कूल डॉयरेक्टर शलभ विजय व उर्वशी विजय ने कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के समस्त शिक्षकों और छात्रों की मेहनत की



कोटा में सिंधी समाज के द्वारा डांडिया का आयोजन किया जा रहा है।

सराहना की। व सभी को नवरात्रा की हार्दिक बधाई दी। सिन्धु सोशल सर्किल की ओर से सिन्धु महिला सर्किल और सिन्धु यूथ सर्किल के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय सिन्धु डांडिया 2024- 'मौज' ( तरंग साज और आवाज की) का रंगारंग समापन फाईव फ्लावर्स अनंता इलीट के प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माता की आरती से हुआ।

डांडिया महोत्सव में 4 से 09 वर्ष,10 से अधिक अविवाहित, 18 वर्ष के ऊपर के सभी युवाओं और विवाहित जोड़ो और वरिष्ठ नागरिकों के लिए डांडिया प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई जिसमें 70 पुरस्कार दिए गऐं। विजेताओं को संरक्षक किशोर मदनानी, अध्यक्ष कमल सपरा, सचिव राजेश ग्वालानी, डांडिया चेयरमैन अशोक झमटानी, सांस्कृतिक सचिव किशन रतनानी, सर्कल के संस्थापक सचिव गोपाल सपरा, सदस्य समिति के अध्यक्ष राजकुमार खूबचंदानी, पीडी प्रकाश वीर नाथानी, अशोक आहूजा, सिंधु महिला सर्कल पीडी पूनम रतनानी, सह पीडी रीटा अजवानी, सिंधु यूथ सर्कल पीडी विजय झमटानी, डांडिया कोषाध्यक्ष मनोहर दायानी, सिन्धु महिला सर्किल सलाहकार भागवंती खूबचंदानी, अध्यक्षा नीतू वनवानी, सचिव निर्मला अहुजा ने पुरस्कृत किया।

निर्णायक मंजुला जैन और नमिता सक्सेना ने परिणामों की घोषणा करी जिन्हें स्मृति चिन्ह देकर कांट कांता मदनानी, रुचि सपरा, सिमरन ग्वलानी, सुशीला करमचंदानी, रितु इसरानी और बरखा दीवानी ने सम्मानित किया। इंडिया के सह-प्रायोजक बंसीलाल साधवानी, भरत जेठवानी और पंकज हरचंदानी, सिंधु महिला सर्कल के 18 प्रतिभागियों के विशेष वर्ग के प्रतिभागियों को और सिंधु यूथ सर्कल परिवार के 28 बच्चों की विशेष प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक सचिव किशन रतनानी ने बताया कि पहली बार डांडिया मौज में वरिष्ठ नागरिकों के डांडिया नृत्य को प्रतियोगिता के रूप में शामिल किया गया जिसमें सर्वश्रेष्ठ रहे तीन प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

# भाजपा सदस्यता अभियान की बैठक

**कोटा,** (निसं)। भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा कोटा शहर के उत्तर विधानसभा के रामपुरा, नयापुरा, स्टेशन एवं रेलवे कोलोनी मण्डल की समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष राकेश जैन की अध्यक्षता एवं सदस्यता अभियान के कोटा शहर संयोजक आनन्द गर्ग के आतिथ्य में सम्पन्न हुई।

भाजपा के रामपुरा व नयापुरा मण्डल की समीक्षा बैठक जीएमए प्लाजा सभागार एवं रेलवे कोलोनी व स्टेशन की समीक्षा बैठक शीतला माता मन्दिर बापू कॉलोनी रेलवे कॉलोनी में सम्पन्न हुई। बैठक में भाजपा के जिन कार्यकर्ताओं ने 100 या इससे ज्यादा सदस्य बनायें उन्हें भाजपा पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी ने करतल ध्वनि से उत्साहवर्धन किया। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि आज कोटा उत्तर विधानसभा के रामपुरा, नयापुरा, स्टेशन एवं रेलवे कोलोनी मण्डल की सदस्यता अभियान को लेकर समीक्षा बैठक है एवं बडे हर्ष का विषय है कि कोटा शहर में सभी मण्डलों में भाजपा के सभी कार्यकर्ता सदस्य बनाने में लगे हुए है। जिसका सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहा है जो कार्यकर्ता मोबाईल से 100 व्यक्तियों को भाजपा का सदस्य बनायेगा। वहीं सक्रिय कार्यकर्ता की श्रेणी में आयेगा। कार्यकर्ताओं में सदस्यता अभियान को लेकर भारी उत्साह है। कितने ही कार्यकर्ताओं ने 100 से अधिक सैकड़ों की संख्या में सदस्य अपने स्वयं के रेफरल कोड से बना लिये। कुछ ऐसे भी है जिनके सदस्यों की संख्या हजारों में जा रही है।


## कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, कोटा खण्ड कोटा

क्रमांक:-एफ/प्रन्यास/देव/2024/2402

दिनांक: 1.10.24

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सार्वजनिक प्रन्यास श्री रड़ी चड़ी के गणेश जी महाराज तह. के. पाटन जिला बून्दी की कार्यकारिणी में परिवर्तन किया जाकर प्रन्यास के लेखों में इन्द्राज हेतु परिवर्तन की सूचना राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 के नियम 23 के अन्तर्गत प्रपत्र संख्या 8 में भरकर दिनांक 30.09.2024 को प्रस्तुत की गई है।

अत: उक्त प्रन्यास में हित रखने वाले व्यक्ति इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 दिन में अपनी आपत्ति कार्यालय सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, कोटा खण्ड कोटा में प्रस्तुत करें, वाद समय गुजरने पर आपत्ति मान्य नहीं होगी।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मोहर के अधीन आज दिनांक 01.10.2024 को जारी की जाती है।

आगामी पेशी 05.11.2024

सहायक आयुक्त

देवस्थान विभाग कोटा

## कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण ( राज. )

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-द्वितीय/भ.नि.अनु./2024/11362 दिनांक: 7.10.24

### उपविभाजन एवं स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सुनील अम्बवानी पुत्र स्व. श्री गणेश लाल अम्बवानी एवं श्री अर्जुन अम्बवानी पुत्र स्व. श्री गणेश लाल अम्बवानी निवासी भूखंड संख्या 135 शोपिंग सेन्टर कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या 135 शोपिंग सेन्टर कोटा क्षेत्रफल 2599 वर्गफुट में से दक्षिणी पश्चिमी भाग एवं उत्तरी पूर्वी भाग कुल क्षेत्रफल 1426.6 वर्गफुट भाग का भूखंड संख्या 135/2 शोपिंग सेन्टर कोटा के रुप में उपविभाजन स्वीकृत कर स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या 135 शोपिंग सेन्टर कोटा क्षेत्रफल 2599 वर्गफुट का आवंटन कार्यालय मण्डी कमेटी चम्बल योजना कोटा द्वारा पत्र क्रमांक 1076 MCK/61 दिनांक 28.02.1961 से श्री मदन लाल पुत्र श्री औंकार लाल को किया गया। श्री मदन लाल ने उक्त भूखंड जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 22.05.1967 से श्री उम्मेद कुमार व राजेन्द्र प्रकाश आत्मज श्री शिवनाथ माथुर नाबालिगान जर्ये गार्जियन श्री शिवनाथ माथुर को विक्रय कर दिया। श्री शिवनाथ माथुर एवं श्रीमती रामकन्या संरक्षक श्री उम्मेद कुमार एवं श्री राजेन्द्र कुमार ने जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 21.09.1972 से उक्त भूखंड श्री गणेश लाल अम्बवानी एवं श्री गुरमुख दास अम्बवानी पिसरान श्री दुनूमल अम्बवानी को विक्रय कर दिया। श्री गणेश लाल एवं श्री गुरमुख दास के मध्य निष्पादित नोटेरी इकरार नामा दिनांक 15.09.1998 के अनुसार श्री गणेश लाल को उक्त भूखंड का 1426.6 वर्गफुट भाग प्राप्त हुआ। श्री गणेश लाल ने उक्त भूखंड में से स्वयं के भाग की वसीयत जर्ये रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 21.04.2016 से श्री सुनील अम्बवानी एवं श्री अर्जुन अम्बवानी पिसरान श्री गणेश लाल अम्बवानी के नाम कर दी। श्री गणेश लाल का देहावसान दिनांक 28.10.2017 को हो जाने के उपरांत आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के आवेदित भाग का उपविभाजन स्वीकृत कर स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड के आवेदित भाग का उपविभाजन स्वीकृत कर स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त मूल भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त, नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

## कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा

### निविदा सूचना संख्या-22/2024-25

विश्वविद्यालय द्वारा परिसर एवं विभिन्न भवनों के साफ-सफाई कार्य की वार्षिक दर संविदा हेतु योग्य निविदादाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में अनुमानित लागत रु. 65.00 लाख की खुली ई-निविदाएं दिनांक 10/10/24 के सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र एवं शर्तों आदि का विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in और University website www.uok.ac.in पर उपलब्ध है।

UBN No.-UOK2425SLRC00026 कुलसचिव

